UCWL UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED

उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड (यूसीडब्ल्यूएल) ने उदयपुर के डबोक प्लांट में अत्याधुनिक सीमेंट मिल IV का उद्घाटन किया, उत्पादन क्षमता और सस्टेनेबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा

उदयपुर, 28 मार्च, 2024- तेजी से बढ़ती प्रसिद्ध सीमेंट कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड की सहायक कंपनी, उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड (यूसीडब्ल्यूएल) ने राजस्थान के उदयपुर में अपने डबोक प्लांट में आज अत्याधुनिक सीमेंट मिल IV का उद्घाटन किया। यह महत्वपूर्ण अवसर यूसीडब्ल्यूएल की उत्पादन क्षमता में मौजूदा 2.2 मिलियन मीट्रिक टन से 4.7 मिलियन मीट्रिक टन तक पर्याप्त वृद्धि का प्रतीक है, जिससे सीमेंट उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है।

नई सुविधा अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत मशीनरी से सुसज्जित है, इस तरह संयंत्र की बढ़ी हुई दक्षता, उत्पादकता और असाधारण उत्पाद गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सकता है। यूसीडब्ल्यूएल पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देता है, और सीमेंट मिल IV में भी पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए नवीन उपायों को शामिल किया गया है।

उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड के डायरेक्टर और सीईओ श्री श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, ''सीमेंट मिल IV का उद्घाटन यूसीडब्ल्यूएल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह विस्तार न केवल सीमेंट उद्योग में हमारी पोजीशन को मजबूत करता है, बल्कि हमें क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भी सशक्त बनाता है। कंपनी अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी और सस्टेनेबल प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारा लक्ष्य अपनी लागत को कम करते हुए असाधारण उत्पाद वितरित करना है। साथ ही हम अपने पर्यावरणीय फुटप्रिंट को भी कम से कम करना चाहते हैं, क्योंकि हमारा मानना है कि 'आज के छोटे काम से कल बड़ा प्रभाव' पड़ता है। अत्याधुनिक सीमेंट मिल की शुरुआत दरअसल उत्कृष्टता की दिशा में हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है, और हमें विश्वास है कि यह यूसीडब्ल्यूएल के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''

डबोक प्लांट में आयोजित उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य लोग, उद्योग जगत के अग्रणी, हितधारक और मीडिया के सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड की चेयरपर्सन श्रीमती विनीता सिंघानिया, जेके पेपर लिमिटेड के वीसी/एमडी श्री हर्षपति सिंघानिया, जेके फेनर लिमिटेड के एमडी श्री विक्रमपति सिंघानिया, उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड के डायरेक्टर और सीईओ श्री श्रीवत्स सिंघानिया और उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड के होलटाइम डायरेक्टर श्री नवीन शर्मा के नाम शामिल हैं।

यह आयोजन यूसीडब्ल्यूएल की उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और क्षेत्र के बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में इसके योगदान को साबित करता है।

<u>उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड के बारे में</u>

उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड जेके लक्ष्मी सीमेंट की एक समूह कंपनी है, जो प्रतिष्ठित ब्रांडों, 'प्लेटिनम हेवी ड्यूटी सीमेंट' और 'प्लैटिनम सुप्रीमो सीमेंट' के साथ अपनी पहचान बना रही है। कंपनी जेके ऑर्गनाइजेशन का हिस्सा है, जो एक सदी से अधिक की विरासत वाला 4 बिलियन डॉलर का समूह है, और जो राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देता है। समूह 'मेक इन इंडिया' पहल का कट्टर समर्थक है, जो आयातित वस्तुओं के स्थान पर अद्वितीय गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण करता है। समूह की मजबूत ब्रांड इक्विटी अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी, रिसर्च और डेवलपमेंट और इनोवेशन की संस्कृति को अपनाने का परिणाम है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-

For further information, please contact:
Sonia Suneja - 8802134847| sonia.suneja@adfactorspr.com
Rati Mandhyan - 9140757387| rati.mandhyan@adfactorspr.com